शहादत पर्व ▶ कर्बला के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान

# मुहर्रम की सातवीं तारीख पर निकला मातमी जुलूस




**नवभारत, जबलपुर।** मुहर्रम की सातवीं तारीख (सफ़र की रात) पर जबलपुर नगर और उपनगर के इमामबाड़ों में अकीदतमंदों की भारी भीड़ उमड़ी। पारंपरिक रस्मों के साथ कर्बला का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। सदर आला डॉ. बटालिया के सामने मरहूम बाबा जाफरी साहब के इमामबाड़े में दोपहर 2 बजे मजलिस हुई। इसकी शुरुआत जनाब हैदर जबलपुरी ने मर्सिया और जनाब नाईब रिज़्वी ने सलाम पेश कर की। मुरादाबाद से आए मौलाना जाफर रज़ा साहब ने कहा कि मातमी जुलूस का उद्देश्य कर्बला के पैगाम को फैलाना है। यह याद दिलाता है कि अन्याय और झूठ के आगे नहीं झुकना चाहिए। हज़रत इमाम हुसैन ने इंसानियत, न्याय और धर्म की रक्षा के लिए परिवार व साथियों सहित महान कुर्बानी दी थी। मजलिस के बाद दोपहर 3:30 बजे जुलूस रवाना हुआ, जो घंटाघर, बड़ी ओमती और गलगला होते हुए शिया इमामबाड़े पहुंचा। वहां जनाब सुज्जू मंडलवी, काज़िम नकवी, मुर्तज़ा नकवी एवं शम्सुल रिज़्वी ने नोहाख्वानी की और अकीदतमंदों ने मातम कर हज़रत इमाम हुसैन व शोहदाए कर्बला को खिराज-ए-अकीदत पेश किया।

**मदन महल पहाड़ी पर गूंजे नारे-** सफ़र की रात पर विभिन्न इमामबाड़ों से निकलीं सवारियां कई किलोमीटर का सफर तय कर मदन महल दरगाह पहुंचीं और सलामी पेश की। बैंड-बाजों के साथ निकले जुलूस में बड़े मुजावरों के साथ मासूम बच्चों पर भी हाल की आमद हुई। अकीदतमंदों ने बाबा साहब लोगों को मुरादें बताईं और उन्होंने पूरी होने की दुआ दी। पूरी रात मदन महल दरगाह क्षेत्र या अली, या हुसैन के नारों व ढोल-नगाड़ों से गूंजता रहा। छोटी बजारिया से दरगाह तक तीन किलोमीटर लंबे रास्ते पर रात 8 बजे से ही जायरीन जुटने लगे थे, जो देर रात जनसैलाब में बदल गए। इस दौरान नूरानी नौजवान लंगर कमेटी, शान लंगर कमेटी, अमन एकता कमेटी, हुसैन एकता कमेटी द्वारा जगह-जगह लंगर, छबील और शरबत बांटा गया।

### विभिन्न इमामबाड़ों में हुई अकीदत और रस्में

उधर सदर बाज़ार गली नंबर 9 स्थित कदीमी ताजिए में सदर, गोरा बाज़ार, गोरखपुर व अन्य क्षेत्रों से आईं सवारियों के मुजावरों ने हाजरिी दी और गलियों में गश्त करते हुए मदन महल दरगाह रवाना हुए। जमाअत-ए-कादरी के सदस्यों ने हिंदू व मुस्लिम मुजावरों को दूध के प्याले पेश कर इस्तकबाल किया। पुलिस प्रशासन, मीडिया प्रतिनिधियों व समाजसेवियों का भी स्वागत हुआ। सिटी कोतवाली बाजार में अग्रवाल धर्मशाला के सामने मरहूम शेख मुन्ना नियाजी और मरहूम अब्दुल रऊफ बाबा नियाजी के इमामबाड़े में हाजी शेख जमील नियाजी, हाजी शेख मुबीन नियाजी, हाजी शेख अनवार नियाजी और हाजी बाबा सैयद शेख अमीन कर्बलाई साहब की सरपरस्ती में हजारों जायरीनों के लिए चाय-पानी का इंतजाम किया गया। इसके अलावा ज्योति नगर गढ़ा स्थित विक्की पहलवान के इमामबाड़े में हज़रत सैय्यद शेरुद्दीन नूरुद्दीन नूरानी शहंशाह वली सरकार का शाही संदल शानो-शौकत से निकाला गया। हाजी इम्तियाज अली खान की सरपरस्ती में हुए इस आयोजन में ताजपोशी, फूलपोशी व विशाल लंगर हुआ, जिसे अकीदतमंदों ने ग्रहण किया।

# आम आदमी पार्टी ने निकाली पदयात्रा



**नवभारत, जबलपुर।** आम आदमी पार्टी द्वारा 23 जून को जबलपुर संभाग में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन, पदग्रहण समारोह और भव्य पदयात्रा उत्साह के साथ संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दिल्ली सरकार के पूर्व कानून मंत्री एवं प्रदेश प्रभारी जितेन्द्र सिंह तोमर, प्रदेश सह-प्रभारी प्रकोष्ठ प्रभारी अखिलेशपति त्रिपाठी और धर्मेन्द्र सिंह रावत मौजूद रहे।

बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और महिला सम्मान के लिए निकली इस पदयात्रा में सैकड़ों सक्रिय कार्यकर्ता शामिल हुए, जिन्होंने आम जन को जागरूक कर अधिकारों के लिए लड़ने का आह्वान किया। इस अवसर जितेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि मजबूत संगठन में ही शक्ति है और इसी से प्रदेश में बदलाव लाकर भाजपा की तानाशाही सरकार बदलेंगे। प्रदेश के 55 जिलों में आप का संगठन मजबूत व सक्रिय है। सह प्रभारी अखिलेशपति त्रिपाठी और धर्मेन्द्र सिंह रावत ने दिल्ली में जबलपुर संभाग के कार्यकर्ताओं के चिरस्मरणीय योगदान को सराहा। उन्होंने कहा कि अब यही श्रम मध्य प्रदेश में लगाना है। संगठन विस्तार निरंतर प्रक्रिया है, थकने का विकल्प नहीं है। रोज थोड़ा समय दें ताकि यहाँ भी सरकार बन सके। हर दरवाजा खटखटाकर लोगों को अरविंद केजरीवाल मॉडल के प्रति जागरूक करना होगा। उन्होंने तैयारी पर चर्चा करते हुए सभी विधानसभाओं में यूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को जोड़ने और सक्रिय भागीदारी पर बल दिया। यह यात्रा आईएमए चंचल बाई कॉलेज से शुरू होकर गौमाता चौक, तीन पत्ती चौक, मालवीय चौक और महाराष्ट्र स्कूल होते हुए वापस वहीं संपन्न हुई।

इस दौरान मुख्य अतिथियों के साथ प्रदेश संगठन मंत्री रामकिशोर शिवहरे, जबलपुर जिला अध्यक्ष रितेश सिंह, जिला संगठन मंत्री दिनकर शुक्ला, ओबीसी विंग जबलपुर के जगदीश माली, मंडला जिला अध्यक्ष पंकज सोनी, कटनी जिला अध्यक्ष अनिल सिंह सेंगर, ग्रामीण जबलपुर जिला अध्यक्ष चंद्रमणि वर्मा, डिंडोरी जिला अध्यक्ष एड. निर्मल साहू और दमोह जिला अध्यक्ष प्रकाश तारिमा उपस्थित रहे।

### एक नजर में

## राष्ट्रपति ने सैंजली नायक को दीक्षांत समारोह में किया सम्मानित



**नवभारत, जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के 36वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें एम.ए. राजनीति विज्ञान में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर सैंजली नायक को दो स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। इस उपलब्धि पर सैंजली ने नवभारत को बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हाथों दो स्वर्ण पदक प्राप्त कर वह अत्यंत गौरवान्वित हैं। उन्होंने कहा कि यह सफलता उनके माता-पिता संजीव नायक एवं सीमा नायक के सहयोग, आशीर्वाद और विश्वास का परिणाम है। वह हवाबाग महाविद्यालय और डॉ. जयश्री दीक्षित की आभारी हैं, जिनके मार्गदर्शन ने उनकी शैक्षणिक यात्रा को नई दिशा दी। सैंजली नायक के लिए यह सम्मान इसलिए भी विशेष है क्योंकि उन्होंने हैदराबाद में आईटी ऑडिट लीड के रूप में कार्य करते हुए अपनी पढ़ाई जारी रखी। विवि के 36वें दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, राज्यपाल मंगुभाई पटेल तथा कुलपति प्रो. राजेश कुमार वर्मा की उपस्थिति में यह सम्मान पाना उनके जीवन का अविस्मरणीय क्षण है। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि को अपने परिवार, शिक्षकों और शुभचिंतकों को समर्पित किया है, जिनके सहयोग ने उन्हें यहाँ तक पहुँचाया।

## राष्ट्रपति ने नितिन को प्रदान किए दो स्वर्ण पदक



**नवभारत, जबलपुर।** इतिहास विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सिविल सेवा मार्गदर्शक नितिन तिवारी को भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा दो स्वर्ण पदकों से सम्मानित किया गया, जिससे उन्होंने क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। यह सम्मान उन्हें शैक्षणिक उत्कृष्टता और इतिहास विषय में सर्वोच्च उपलब्धि हासिल करने के लिए प्रदान किया गया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि को प्राप्त करने के बाद नितिन तिवारी ने नवभारत को बताया कि उनकी सफलता का पूरा श्रेय उनके शिक्षकों, परिवार और शुभचिंतकों को जाता है। उन्होंने भविष्य के लक्ष्यों को साझा करते हुए कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य केवल व्यक्तिगत सफलता प्राप्त करना नहीं है, बल्कि ऐसे सक्षम और कर्तव्यनिष्ठ युवाओं को तैयार करना है जो आगे चलकर सिविल सेवाओं के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। उनका मानना है कि पूर्ण समर्पण, अनुशासन और सही मार्गदर्शन के बल पर आज की युवा पीढ़ी देश सेवा के सर्वोच्च दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर सकती है।




## बस्ती उत्सव के मंच पर चमकी प्रतिभा की रोशनी

**नवभारत, जबलपुर।** शहीद स्मारक रंगमंच पर बस्तीउत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें झुग्गी बस्तियों, ग्रामीण व आदिवासी अंचलों के बच्चों, महिलाओं और युवाओं ने कला, नाटक, कविता और रैंप वॉक के जरिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। झुग्गियों से मंच तक थीम पर आधारित इस सांस्कृतिक महोत्सव में वंचित समुदाय के बच्चों ने अक्षय सिंह ठाकुर के निर्देशन में खुल जा सिमसिम नाटक की प्रस्तुति देकर शिक्षा, समान अवसर और सामाजिक बदलाव का संदेश दिया। इस दौरान बच्चों ने वीरता व संघर्ष की कविताएं सुनाईं और कला प्रदर्शनी में चित्रों के जरिए अपने जीवन की उम्मीदों को उकेरा। महिलाओं ने स्वयं सिले परिधानों में रैंप वॉक कर आत्मनिर्भरता व सशक्तिकरण का संदेश दिया। यह आयोजन संवेदनशील युवाओं के संकल्प से समाज में बदलाव लाने और हर बस्ती में उज्ज्वल भविष्य छिपा होने का भरोसा जगाता है। कार्यक्रम में प्रोजेक्ट फ्लैशलाइट्स के स्वयंसेवकों, सहयोगियों और रंगाभरण थिएटर की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही तथा आभार संस्था के सहसंस्थापक आकाश नेमा ने जताया। इस दौरान नगर निगम महापौर जगत बहादुर सिंह, अक्षय सिंह ठाकुर, आकाश नेमा, प्रोजेक्ट फ्लैशलाइट्स के स्वयंसेवक, सहयोगी, रंगाभरण थिएटर की टीम और शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# वीर नारी सम्मान समारोह का आयोजन आज

नवभारत, जबलपुर। रानी दुर्गावती बलिदान दिवस पर रानी दुर्गावती शोध संस्थान एवं अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद् के संयुक्त तत्वावधान में 24 जून को शाम 5 बजे शहीद स्मारक सभागृह गोल बाजार में वीर नारी सम्मान समारोह आयोजित है। यह सम्मान उन वीर नारियों को मिलेगा जिनके पति या पुत्र देश की रक्षा के लिए सीमा पर शहीद हुए हैं। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. पवन स्थापक ने बताया कि देश के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों की ऐसी वीर नारियों की संख्या जबलपुर में 12 और पूरे महाकोशल में 43 है। मातृभूमि की रक्षा के लिए लड़ते हुए प्राण उत्सर्ग करने वाली वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर यह आयोजन काफी प्रासंगिक है। पूर्व राज्यपाल अनुसुइया उइके के जबलपुर आगमन पर संस्थान के पदाधिकारी डॉ. पवन स्थापक, प्रोफेसर ए. डी. एन. बाजपेई एवं डॉ. विजय आनंद मरावी ने उनका स्वागत किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व राज्यपाल छत्तीसगढ़ एवं मणिपुर अनुसुइया उइके और विशिष्ट अतिथि जबलपुर लोकसभा सांसद आशीष दुबे, मेजर जनरल निश्चय रावत तथा डॉ. सोनल मेहरा उपस्थित रहेंगे।

# जेडीआईडब्ल्यूओ द्वारा अखिल भारतीय मांग दिवस पर प्रदर्शन



**नवभारत, जबलपुर।** ऑल इंडिया डिमांड्स डे पर जबलपुर डिवीजन इंश्योरेंस वर्कर्स ऑर्गनाइजेशन के तत्वावधान में लंबित मांगों के समर्थन में विशाल प्रदर्शन और धरना आयोजित हुआ। इसमें बड़ी संख्या में शामिल होकर पदाधिकारियों और सदस्यों ने एकजुटता व अधिकारों के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई।

कार्यक्रम में अस्थायी कर्मचारियों के समायोजन, वर्ग-III व वर्ग-IV में भर्ती, ओपीएस, पदोन्नति एवं स्थानांतरण में पारदर्शिता और पेंशन अद्यतन जैसी प्रमुख मांगें पुरजोर ढंग से उठाई गईं। नेताओं ने कर्मचारियों से अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखने का आह्वान किया। जबलपुर मंडल की विभिन्न शाखाओं में भी सदस्यों ने प्रदर्शन व जागरूकता कार्यक्रम कर आंदोलन सफल बनाया। संगठन के पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि जायज मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय होगा और कर्मचारी हित में संघर्ष निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर जेडीआईडब्ल्यूओ के अध्यक्ष मनोज साहू, कोषाध्यक्ष भान सिंह, उपाध्यक्ष ओ. पी. विश्वकर्मा, सीजेडआईडब्ल्यूओ के कोषाध्यक्ष देवाशीष विश्वास और एनओआईडब्ल्यू की अखिल भारतीय उपाध्यक्ष मिताली बनर्जी उपस्थित रहे।

# इंडियन बैंक के आंचलिक कार्यालय में हुआ सामूहिक योगाभ्यास



**नवभारत, जबलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर इंडियन बैंक के आंचलिक कार्यालय जबलपुर में आर्ट ऑफ लिविंग के तत्वावधान में योग एवं ध्यान कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम का नेतृत्व आंचलिक प्रबंधक विकास कुमार जायसवाल ने किया। इसमें कार्यालय के अधिकारियों और कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक शामिल होकर मुख्य योगाचार्य ऋतु राज असाटी के मार्गदर्शन में कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत विभिन्न योगासनों व प्राणायाम का अभ्यास किया। अंचल प्रबंधक विकास कुमार जायसवाल ने अपने संबोधन में योग को स्वस्थ, संतुलित और तनावमुक्त जीवन का आधार बताते हुए दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने की बात कही। मुख्य प्रबंधक अशोक कुमार चौधरी ने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर योग के सकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डाला।

### ये रहे उपस्थित

इसका समापन स्वस्थ जीवनशैली और योग के व्यापक प्रसार के संकल्प के साथ हुआ। इस अवसर पर आंचलिक प्रबंधक विकास कुमार जायसवाल, मुख्य योगाचार्य ऋतु राज असाटी, मुख्य प्रबंधक अशोक कुमार चौधरी और बैंक के अन्य रिटायर्ड स्टाफ भी मौजूद रहे।

## मप्र पावर जनरेटिंग कंपनी द्वारा 'स्पंदन' का विमोचन



नवभारत, जबलपुर। मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी मुख्यालय जबलपुर में आयोजित समारोह में मासिक ई-पत्रिका 'स्पंदन' को पुनर्प्रारंभ कर इसके प्रथम संस्करण का विमोचन हुआ। विमोचन अवसर पर प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने कहा कि कार्मिकों के लिए यह ऐसा सशक्त व बहुप्रतीक्षित मंच होगा, जहां वे तकनीकी अनुभवों, नवाचारों व सुझावों को साझा करने के साथ साहित्यिक व रचनात्मक प्रतिभा भी अभिव्यक्त कर सकेंगे। यह पहल संवाद, सहभागिता व कार्यसंस्कृति जुड़ाव को सशक्त करने के लिए की गई है। पत्रिका में तकनीकी आलेख, परियोजनाओं के अनुभव, केस स्टडी, नवाचार, उपलब्धियां, समाचार और कविताएं शामिल होंगी, जिससे यह कार्मिकों की अभिव्यक्ति का समावेशी मंच बनेगी।

# डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा ने दी श्रद्धांजलि

**नवभारत, जबलपुर।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुलौआ चौक गढ़ा स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए, पौधारोपण किया और सभी बूथों पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि देते हुए जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन ने कहा कि भारतीय जनसंघ के प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी हमारे प्रेरणा स्रोत हैं, जिन्होंने बिना परमिट जम्मू-कश्मीर यात्रा कर संदेश दिया कि एक देश में दो प्रधान और दो विधान नहीं चल सकते और उन्हीं के प्रयास से कश्मीर भारत का अविभाज्य अंग है, वहीं नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कहा कि भारत को एक रखने में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता और आज जम्मू-कश्मीर ही नहीं बल्कि बंगाल भी उन्हीं के प्रयासों के कारण बचा हुआ है। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, रंजीत पटेल, सोनू बचवानी, श्रीकांत साहू, अंजू भार्गव और सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जनेकृविवि में 'स्मृति-2004' पूर्व छात्र मिलन समारोह आयोजित



**नवभारत, जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के जबलपुर परिसर में वर्ष 2004 बैच के पूर्व छात्रों के लिए दो दिवसीय 'स्मृति-2004' मिलन समारोह आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. पी.के. मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों से करीब 56 पूर्व विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा छात्रों की जानकारी से संबंधित एक बुकलेट का विमोचन भी किया गया। कुलगुरु डॉ. पी.के. मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन पूर्व छात्रों को आपस में जोड़े रखते हैं और कृषि परिवार को मजबूत बनाते हैं।

**शिक्षकों का सम्मान और पूर्व छात्रों की सफलता पर प्रसन्नता-** समारोह में डॉ. अश्विनी जैन, डॉ. धीरेंद्र खरे, डॉ. टी.आर. शर्मा, डॉ. अल्पना सिंह और डॉ. अमित कुमार शर्मा सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक उपस्थित रहे। इस दौरान शिक्षकों ने 22 वर्ष पुरानी यादें साझा कीं और इस बात पर खुशी जताई कि उनके पढ़ाए छात्र आज देश के सरकारी व निजी क्षेत्रों में कृषि वैज्ञानिक, सहायक संचालक, सहायक प्राध्यापक और बैंकिंग व वानिकी जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मोनिका सिंह और डॉ. विकास गुप्ता ने किया। पूर्व छात्रों की ओर से डॉ. रीता कपिल नरवरिया ने पिछले 22 वर्षों के संघर्ष और सफलताओं का जिक्र करते हुए कठिन परिस्थितियों में भी अनुशासन को अपनी कामयाबी का आधार बताया और शिक्षकों के मार्गदर्शन के प्रति आभार जताया।

कार्यक्रम ▶ फैशन डिजाइनिंग की कला का प्रभावशाली प्रदर्शन किया

# आईटीआई के फैशन शो में प्रशिक्षणार्थियों ने बिखेरे हुनर के रंग



**नवभारत, जबलपुर।** शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जबलपुर में एक भव्य फैशन शो का आयोजन किया गया, जिसमें प्रशिक्षणार्थियों ने स्वयं तैयार किए गए आकर्षक परिधानों और फैशन एसेसरीज का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं अंतर्राष्ट्रीय फैशन डिजाइनर बतुल अली ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि फैशन शो केवल प्रतिभा प्रदर्शन का मंच नहीं, बल्कि युवा डिजाइनरों में आत्मविश्वास का संचार करते हैं। यह मंच उनकी कल्पनाशीलता को नई दिशा देने के साथ उन्हें अपने हुनर को पहचान दिलाने का अवसर भी प्रदान करता है। कार्यक्रम में फैशन डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी तथा ड्रेस मेकिंग व्यवसाय के विद्यार्थियों की मेहनत, रचनात्मक सोच और तकनीकी दक्षता का जीवंत मंच देखने को मिला, जहां उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान अर्जित कौशल को पूरे आत्मविश्वास के साथ रैंप पर प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीत लिया।

**इंडो-वेस्टर्न और पारंपरिक परिधानों की आकर्षक प्रस्तुति-** फैशन डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी के प्रशिक्षणार्थियों ने इंडो-वेस्टर्न परिधानों में आधुनिक कला, रंगों के समन्वय और नवीन डिजाइनिंग का सुंदर प्रयोग किया, जिसके तहत विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए बटुए, पर्स और क्लच जैसी फैशन एसेसरीज ने भी सभी का ध्यान आकर्षित किया। वहीं, ड्रेस मेकिंग व्यवसाय के विद्यार्थियों ने भारतीय पारंपरिक परिधानों को आधुनिक शैली के साथ प्रस्तुत करते हुए ट्रेडिशनल और इंडो-वेस्टर्न कलेक्शन का शानदार प्रदर्शन किया, प्रशिक्षण अधिकारी अभिलाषा पाठक, शिखा एंथोनी, नमिता झा और मंगला शंग्रपवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही तथा फैब्रिक एक्सपर्ट प्रियंका शर्मा एवं नीतू ने भी तकनीकी मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय फैशन डिजाइनर बतुल अली, आईटीआई प्राचार्य डॉ. अर्पित शुक्ला, प्राचार्य वर्ग-2 अमित आढ़्या, आईटीआई शाहपुरा के प्राचार्य आकाश कश्यप, आईटीआई बरगी की प्राचार्य नूपुर राय, प्रशिक्षण अधिकारी अभिलाषा पाठक, शिखा एंथोनी, नमिता झा, मंगला शंग्रपवार आदि उपस्थित रहे।



# आनन्द राणे बने पीडब्ल्यूडी मुख्य अभियंता

**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर परिक्षेत्र लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के नए मुख्य अभियंता के रूप में आनन्द प्रकाश राणे ने पदभार ग्रहण किया है, वहीं जबलपुर मंडल के नए अधीक्षण यंत्री के रूप में पदभार बी. एल. भलावी ने संभाला है। पूर्व मुख्य अभियंता आर एल वर्मा का भोपाल प्रमुख अभियंता पद पर स्थानांतरण होने के कारण अस्थायी रूप से अधीक्षण यंत्री डी. के. सारीवान इस पद को देख रहे थे। पद ग्रहण करने के बाद मुख्य अभियंता ने कार्यालय के कर्मचारियों की सीट पर जाकर उनसे मुलाकात की और काम की जानकारी ली। आनन्द प्रकाश राणे के मुख्य अभियंता बनने पर पीडब्ल्यूडी भवन अधीक्षण यंत्री शिवेंद्र सिंह, अनुविभागीय अधिकारी मनीष ठाकुर, मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जबलपुर जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय, जी. पी. द्विवेदी, अर्जुन सोमवंशी, सुशील गुप्ता, राजा राम डेहरिया, नितिन सेलेट, संजय मजूमदार, अनुराग गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, रोशन पासी, अरविंद शाहू और अरविंद बनखेड़े ने पुष्प गुच्छ देकर उन्हें बधाई दी।